महत्वपूर्ण एवं खास

सीडीएस शहीद विपिन रावत के निवास स्थान पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव

रायपुर-नई दिल्ली (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव दिल्ली पहुंचे, यहां उन्होंने सीडीएस शहीद विपिन रावत के निवास स्थान पहुंचकर परिजनों से भेंट कर शोकाकुल परिवारजनों से संवाद किया। शहीद सीडीएस विपिन रावत की धर्मपत्नी श्रीमती मधुलिका के माता पिता के साथ सिंहदेव के घनिष्ठ पारिवारिक संबंध रहे हैं। उन्होंने परिजनों के साथ पुरानी स्मृतियों पर चर्चा की, जो दोनों ही परिवारों के लिये भावुक क्षण रहा। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने इस असामायिक निधन को अपूर्णीय क्षति बताते हुए दिवंगत आत्माओं को शांति व परिवार को यह अतुलनीय क्षति सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

वन विभाग ने हउरनार से 20 नग अवैध सागौन चिरान बरामद किया

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। वन विभाग ने पालनार इलाके में अवैध रूप से जुटाए गए सागौन चिरान जब्त करने में सफल हुई है। वन विभाग के उड़नदस्ता दल ने माहरा हउरनार गांव में सन्नू मंडावी पिता लखमा की बाड़ी में छापा मार कर 20 नग अवैध सागौन चिरान बरामद किया। जब्त चिरान की कीमत करीब 50 हजार रूपए आंकी गई है। इस मामले में वन अपराध कायम कर जब्त चिरान को केंद्रीय काष्ठागार लाया गया है। यह कार्रवाई एसडीओ अशोक सोनवानी के नेतृत्व में बचेली वन परिक्षेत्र व उड़नदस्ता दल के स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पखवाड़े भर के भीतर इस दल ने छापामार कार्रवाई कर टिकनपाल, पालनार , पातररास और दंतेवाड़ा में बड़े पैमाने पर अवैध चिरान जब्त किया है।

राज्यपाल उइके से गोवा के राज्यपाल हुई भेंट

रायपुर (आरएनएस)। राज्यपाल अनुसुईया उइके से राजभवन गोवा में गोवा के राज्यपाल पीएस श्रीधरन पिल्लई और उनकी धर्मपत्नी ने भेंट की और स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया। राज्यपाल सुश्री उइके ने भी गोवा के राज्यपाल को स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर उनके मध्य गोवा, केरल, मिजोरम और छत्तीसगढ़ के विषयों के संबंध में चर्चा की गई।

पिकअप व ट्रेक्टर वाहन में हुई टक्कर तीन की मौत

बेमेतरा (आरएनएस)। बेमेतरा जिले के नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम नवागांव में तेज रफ्तार ट्रेक्टर व पिकअप में भिड़ंत होने से 3 लोगों की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक 40 से ज्यादा लोगों को ले जाता ट्रैक्टर और दर्जन भर लोगों को ले कर दौड़ती पिकअप में भिड़ंत हुई। जिसमें 3 लोगों की मौत और सात से ज्यादा घायल हुए हैं। ग्राम खैरी से जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर सभी अपने ग्राम बुंदेला लौट रहे थे।

नारंगी नदी में 6.65 करोड़ की लागत से होगा स्टापडेम सह पुलिया का निर्माण

रायपुर (आरएनएस)। कोण्डागांव स्थित नारंगी नदी में स्टापडेम सह पुलिया का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए जल संसाधन विभाग मंत्रालय द्वारा 6 करोड़ 65 लाख 11 हजार रूपए की मंजूरी दी गई है। इससे भू-जल संवर्धन, किसानों को स्वयं के साधन से 625 एकड़ में सिंचाई की सुविधा के साथ-साथ ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा भी मिलेगी। स्टापडेम सह पुलिया का निर्माण मसोरा छुईगाड़ा मार्ग पर बारहमासी आवागमन की सुविधा आस-पास के दर्जनभर गांव के ग्रामीणों को मिलने लगेगी। इस स्टापडेम सह पुलिया का निर्माण मुख्य अभियंता महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग रायपुर के द्वारा कराया जाएगा।

13 से 23 दिसंबर तक कई ट्रेनें रद्द रहेगी

» दूपमरे बिलासपुर रेल मंडल के रुपौंद-झलवारा सेक्शन में तीसरी लाइन कनेक्टीविटी का कार्य 14 से 22 दिसंबर तक चलेगा

रायपुर (आरएनएस)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर रेल मंडल के रुपौंद-झलवारा सेक्शन में तीसरी लाइन कनेक्टीविटी का कार्य के कारण कई गाड़ियों का परिचालन 14 से 22 दिसंबर तक प्रभावित रहेगा।

रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत रुपौंद-झलवारा सेक्शन को तीसरीलाइन से जोड़ने का कार्य 14 से 22 दिसम्बर तक किया जायेगा। जिसके चलते कई यात्री गाड़ियों को रद्द किया गया है तो कुछ गाड़ियां गंतव्य से पहले समाप्त किया जाएगा।

ये गाड़ियां रद्द रहेगीः

15 व 22 दिसम्बर 2021 को रानी कमलापति(हबीबगंज) से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22169 रानी कमलापति (हबीबगंज)-सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

16 व 23 दिसम्बर 2021 को सांतरागाछी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22170 सांतरागाछी-रानी कमलापति(हबीबगंज) एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 15, 17 व 22 दिसम्बर 2021 को दुर्ग से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 17, 19 व 24

दिसम्बर 2021 को नौतनवा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18202 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 12 व 19 दिसम्बर 2021 को बीकानेर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20471 बीकानेर-पुरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

15 व 22 दिसम्बर 2021 को पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20472 पुरी-बीकानेर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 14 व 21 दिसम्बर 2021 को दुर्ग से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12549 दुर्ग-जम्मूतवी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 16 व 23 दिसम्बर 2021 को जम्मूतवी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 12550 जम्मूतवी-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 14 से 22 दिसम्बर 2021 तक बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18247 बिलासपुर-रींवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 13 से 21 दिसम्बर तक रींवा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18248 रींवा-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 14 से 22 दिसम्बर 2021 तक गाड़ी संख्या 08740/08739 बिलासपुर-शहडोल- बिलासपुर पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

14 से 22 दिसम्बर तक बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 13 से 21 दिसम्बर 2021 तक भोपाल से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 14, 19 व 21 दिसम्बर को दुर्ग से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18203 दुर्ग-कानपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 15, 20 व 22 दिसम्बर को कानपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18204 कानपुर-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 16 दिसंबर को वलसाड से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22909 वलसाड-पुरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 19 दिसम्बर 2021 को पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22910 पुरी-वलसाड एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 18 दिसम्बर 2021 को उदयपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिसम्बर 2021 को शालीमार से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20972 शालीमार-उदयपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 17 दिसम्बर 2021 को दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22867 दुर्ग-निजामुद्दीन एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 18 दिसम्बर 2021 को निजामुद्दीन से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22868 निजामुद्दीन-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

इसी प्रकार गंतव्य से पहले समाप्त होने वाली गाड़ियों में 14 से 22 दिसम्बर 2021 तक गाड़ी संख्या 08747/08748 बिलासपुर-कटनी-बिलासपुर पैसेंजर स्पेशल चंदियारोड़ स्टेशन में समाप्त तथा चंदियारोड़ स्टेशन से प्रारम्भ होगी तथा चंदियारोड़-कटनी-चंदियारोड़ के मध्य रद्द रहेगी।

रोजगार मेलाः 13 को 101 रिक्त पदों में भर्ती के लिए लगेगा रोजगार मेला

कोरबा । जिले के युवाओं को रोजगार प्रदान करने कोरबा जिले के शासकीय कॉलेज दीपका में 13 दिसंबर 2021 को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले के माध्यम से जिले के युवाओं को अपना भविष्य संवारने का सुनहरा मौका मिलेगा। रोजगार मेले में कुल 101 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिले के 10वीं, 12वीं पास तथा स्नातक युवाओं को रोजगार के अवसर दिए जाएंगे।

रोजगार के लिए युवाओं की भर्ती इंटरव्यू-प्लेसमेंट के माध्यम से की जाएगी। रोजगार मेले में कुल 12 कंपनियां शामिल हो रही हैं। इसमें सामर्थ सिद्धी वेल्थ कंसल्टेंसी में 15 पदों, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस में 20 पदों, जिफ्सा एजुकेशन एण्ड टेकनिकल प्राइ. लि. में 28 पदों, बजाज एलाइंस लाइफ इंश्योरेंस में 05 पदों, सपना प्रिंटर्स दीपका में 05 पदों में भर्ती की जाएगी।

इसी प्रकार राम फॉर्चुन सॉल्युशन्स में 02 रिक्त पदो, आईसीआईसीआई बैंक दीपका में 07 पदों, हीरो एजेंसी दीपका में 05 पदों, एम.एम.एफएस.सी. कोरबा में 01 पद, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक कोरबा में 02 पदों, तिरूपति बजाज कोरबा में 03 पदों, आदित्य बिरला सनलाइफ इंश्योरेंस कंपनी कोरबा में 01 रिक्त पद के लिए रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिले के इच्छुक बेरोजगार युवा 13 दिसंबर 2021 को सुबह 11 बजे शासकीय कॉलेज दीपका में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

किसानों और ग्रामीणों की मददगार छत्तीसगढ़ सरकार : मंत्री चौबे

» ग्राम जानो एवं तेंदुआ नवापारा में धान उपार्जन केन्द्र का किया शुभारंभ

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश के कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी, जल संसाधन मंत्री रविंद्र चौबे ने आज बेमेतरा जिले के विकासखण्ड साजा के ग्राम तेंदुआ नवापारा एवं परपोड़ी क्षेत्र के ग्राम जानो में नवीन धान उपार्जन केंद्र का शुभारंभ किया। उन्होंने इस मौके पर ग्रामीणों और किसानों को बधाई और शुभकामनाएं दी। मंत्री चौबे ने कहा कि प्रदेश सरकार सही मायने में किसानों मजदूरों एवं

समाज के कमजोर तबके का ख्याल रखने वाली सरकार है। इन वर्गों की भलाई के लिए राज्य सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। समर्थन मूल्य नीति के तहत किसानों से धान खरीदी की जा रही है। उन्होंने कहा कि तीन सालों से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों और ग्रामीणों की स्थिति मे बदलाव लाने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। किसानों और ग्रामीणों की मदद के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय, कृषि भूमिहीन मजदूर न्याय जैसी अभिनव योजनाओं के साथ-साथ किसानों की कर्ज माफी, सिंचाई कर की माफी, निःशुल्क एवं रियायती दर पर किसानों को सिंचाई के लिए विद्युत उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार किसानों और ग्रामीणों की मददगार सरकार है।

यह उल्लेखनीय है कि एक दिसंबर को प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। ग्राम तेंदुआ नवापारा में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष यहां नया धान उपर्जान केन्द्र खोला गया है। इससे तेंदुआ सेमरिया एवं कातलबोड़ के किसानों को धान उपार्जन करने में सुविधा मिलने लगी है। इस नये खरीदी केन्द्र मे 766 किसान पंजीकृत है, जो अपनी सुविधा अनुसार टोकन कटवाकर अपना धान बेच रहे हैं। कार्यक्रम में बंशी पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष साजा दिनेश वर्मा, पूर्व जपं. अध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष वर्मा, सरपंच तेंदुआ हेमलाल ठाकुर, सहित अनेक पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित थे।

झीरम घाटी की घटना के बाद से मौत से डर नही लगता-भूपेश बघेल

» कहा-भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा करने का मौका जनता ने दिया यह मेरा सौभाग्य है

» मुख्यमंत्री आज यहां एक एक निजी चैनल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए

रायपुर , (आरएनएस)। राजनीति में जब आया तो यह सोचकर आया था कि मुझे जनता की सेवा करना है। जनता की हक की लड़ाई लड़ना है, भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा करने का मौका जनता ने दिया है, यह मेरा सौभाग्य है। नक्सल प्रभावित प्रदेश में रहा हूँ, डरता तो मैं नही साहब, बल्कि झीरम घाटी की घटना के बाद से मौत से भी डर नही लगता है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कहते थे कि हमारी जब सरकार बने तो लोगों को लगे कि आम जनता की सरकार है। बातें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यहां एक निजी होटल में एक निजी चैनल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि राजनीति में जब आया तो यह सोचकर आया था कि मुझे जनता की सेवा करना है। जनता की हक की लड़ाई लड़ना है, भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा करने का मौका जनता ने दिया है, यह मेरा सौभाग्य है। नक्सल प्रभावित प्रदेश में रहा हूँ, डरता तो मैं नहीं और झीरम घाटी की घटना के बाद से मौत से भी डर नही लगता। उक्त सरकार पर जनता ने विश्वास किया और बम्पर जीत 3 चौथाई बहुमत मिला। सरकार बनते ही सबसे पहला काम एयरपोर्ट से सीधे मंत्रालय गये। कैबिनेट का पहला फैसला 11 लाख किसानों का 9 हजार करोड़ रुपए ऋण माफी का, दूसरा फैसला 2500 रुपये धान खरीदी का, फिर लोहंडीगुड़ा में आदिवासियों की जमीन वापसी का फैसला लिया।

प्रधानमंत्री आवास योजना पर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि जब से केंद्र में मोदी सरकार आई है केंद्र हमारा पैसा नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि हमारे रग-रग में राम बसे हुए हैं। हम गाय के नाम पर वोट नही मांगते बल्कि उनके संरक्षण और संवर्धन के कार्य कर रहे है। राम आस्था है वोट मांगने के लिए नहीं। हमने आदिवासियों, किसानो, महिलाओं और युवाओ को सशक्त किया है इसलिए छत्तीसगढ़ मॉडल की चर्चा आज देश भर में है। बघेल ने कहा कि हमारी सबसे बड़ी सफलता है कि अब पत्रकार यहां नक्सलियों से सम्बंधित प्रश्न नही करते। हमने आदिवासी अंचल में रोजगार दिया, लघु वनोपज में वृद्धि की, समर्थन मूल्य में वृद्धि की, स्वास्थ्य ओर शिक्षा सुविधाओं में वृद्धि की है, उनका विश्वास सरकार के प्रति बढ़ा है।

बघेल ने कहा कि कोई एक शख्स देश को सचेत करने का काम कर रहा तो वो राहुल गांधी है। जो काम हमने शुरू किया उसे सफल करना है, गोधन न्याय योजना, गोबर खरीदी कर रहे, 8 लाख टन वर्मी कंपोस्ट समूह की महिलाओं ने बनाया है।

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना : कुमारी प्रीति के सपनों को पूरा कर बनाया आत्मनिर्भर

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के माध्यम से कम्प्यूटर में प्रशिक्षण प्राप्त कर कुमारी प्रीति ने स्वंय का रोजगार प्रारंभ किया है। जिससे उन्हें प्रतिदिन 400-500 रुपए तक की आमदनी हो जाती है। जशपुर जिले के दुलदुला विकासखंड निवासी कुमारी प्रीति ने बताया कि उनके पास किसी विशेष क्षेत्र में स्कील नहीं होने के कारण वह न तो कोई व्यवसाय कर पा रही थी न ही किसी सेक्टर में जॉब। लेकिन वह अपने पैरो में खड़ा होना चाहती थी। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री कौशल विकास के तहत् कम्प्यूटर ट्रेड में 3 माह का निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त किया। कुमारी प्रीति बताती है कि प्रशिक्षण पाकर वह कम्प्यूटर में दक्ष हो गई है और दुलदुला में कम्प्यूटर सेंटर प्रारंभ किया है। वह अपने कम्प्यूटर सेंटर में कम्प्यूटर संबंधी जॉब वर्क, सेटअप, फेटोकापी, इंटरनेट वर्क, रिचार्ज,, ऑनलाईन टिकट सहित अन्य कार्य कर रही है। प्रीति ने इससे न केवल अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया, बल्कि उन्होंने लाईवलीहुड कॉलेज से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी एक और युवती को भी अपने दुकान में जाब पर रखा है। प्रीति आज अपने जैसे युवक युवतियों के लिए प्रेरणा बन गई है।

सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी, दंपति देवी दर्शन के लिए गया था मैहर

» 1 लाख 50 रुपये नगदी सहित चोर लाखों रुपए के गहने ताला तोड़कर कर लिए चोरी

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के कबीर नगर इलाके में देवी दर्शन के लिए मैय्हर गए दंपति के मकान का ताला तोड़कर 1 लाख 60 हजार रुपये नगदी एवं सोने-चांदी के जेवरात कुल 3 लाख 60 हजार रुपये की चोरी कर लेने की रिपोर्ट कबीर नगर थाने में दर्ज कराई गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक एचआई जी फेस-01 कबीर नगर निवासी काजल सिन्हा 56 वर्ष पति रामेश्वर लाल सिन्हा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि प्रार्थिया अपने पति के साथ 07 दिसंबर को रात्रि करीब 03:00 बजे मकान में ताला लगाकर मैय्हर देवी दर्शन करने गई थी। 09 दिसंबर को प्रातः करीब 08:00 बजे उसकी बहन नीलीमी श्रीवास्तव ने फोन कर जानकारी दी की उसके मकान के पीछे किचन का दरवाजा खुला है तथा ताला टूटा है। मकान के अंदर सामान बिखरा पडा है, चोरी हो जाने की शंका बताने पर वह अपने पति के साथ 10 दिसंबर को प्रातः 07:00 बजे घर पहुंची तब देखा कि किचन का दरवाजा का सिटकनी टूटा हुआ है तथा अंदर कमरा में गोदरेज आलमारी का ताला टूटा हुआ आलमारी में रखा सामान बिखरा पडा है, आलमारी के लाकर में रखा सोने का चैन डेढ तोला, कंगन 2 तोला, मंगलसूत्र डेढ तोला, चैन 01, टाप्स 01,मोता सेट व टाप्स 01 नग 10 ग्राम, चैन (पतली) 01 नग 10 ग्राम, सोने की डुमतिया 01 नग 05 ग्राम व अन्य सहित नगद कैश 01 लाख 60 हजार रूपयें आलमारी से गायब था। कोई अज्ञात व्यक्ति दिनांक 07.12.2021 से दिनांक 09.12.2021 के प्रातः 08:00 बजे के मध्य मकान के दरवाजे का कुन्डी तोड़कर सोने चांदी के जेवर कीमती करीब 02 लाख एवं नगदी रकम करीब 01 लाख 60 हजार रूपयें तथा सैमसंग गैलेक्सी जे 26 मोबाईल 01 नग जुमला करीबन 03 लाख 60 हजार रूपयें को चोरी कर ले गया है।

कोदो-कुटकी तथा रागी की खरीदीः वनांचल में निवासरत बैगा विशेष पिछड़े जनजाति के कृषकों को भी मिल रहा अच्छा-खासा लाभ

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश में कोदो, कुटकी तथा रागी जैसे मिलेट फसलों की खरीदी से बिलासपुर जिला यूनियन अंतर्गत वनांचल में निवासरत विशेष पिछड़े जनजाति बैगा समूह के कृषकों को भी अब अच्छा-खासा लाभ होने लगा है। इस तारतम्य में बिलासपुर अंतर्गत समस्त 23 प्राथमिक लघु वनोपज समितियों में से 19 समितियों में कोदो, कुटकी तथा रागी की खरीदी की सम्पूर्ण व्यवस्था कर ली गई है। इनमें से अब तक अधिकांश समितियों में कोदो की खरीदी भी शुरू हो गई है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप प्रदेश में इस वर्ष से कोदो, कुटकी तथा रागी की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही है। इनकी खरीदी से वनांचल के कृषकों में काफी उत्साह है। इससे लाभान्वित प्राथमिक लघु वनोपज समिति खुड़िया में बैगा विशेष पिछडे जनजाति के कृषकों ने खुशी-खुशी बताया कि इसके पहले भी हमारे द्वारा कोदो, कुटकी तथा रागी इत्यादि फसलों का संग्रहण किया जाता था, परंतु हमें इसका औने-पौने दाम अर्थात केवल 10 रूपए प्रति किलोग्राम के दर पर ही राशि मिलती थी। राज्य सरकार की इस महत्वपूर्ण निर्णय से अब अपनी आय में वृद्धि होने के साथ-साथ हमारे जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव आएगा।

इस तारतम्य में अपर प्रबंध संचालक एस.एस. बजाज द्वारा गत दिवस 9 दिसम्बर को बिलासपुर जिला यूनियन अंतर्गत प्राथमिक लघु वनोपज समिति खुडिया का निरीक्षण किया गया। यहां समिति में उपस्थित बैगा जनजाति के कृषकों सर्वश्री जोहन, गौनू, मोहनू, अघनू, अमरू, कार्तिक, रमली, मंगल तथा चमरू राम आदि ने राज्य शासन द्वारा कोदो, कुटकी तथा रागी की खरीदी पर काफी प्रसन्नता व्यक्त की और उनके द्वारा राज्य सरकार के प्रति आभार जताया गया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में एक दिसम्बर 2021 से 31 जनवरी 2022 तक चलने वाले इस खरीदी अभियान के तहत कोदो तथा कुटकी का समर्थन मूल्य 30 रूपए प्रति किलोग्राम तथा रागी का समर्थन मूल्य 33.77 रूपए प्रति किलोग्राम निर्धारित किया गया है। इस दौरान बिलासपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक नाविद सुजाउद्दीन, वन मण्डलाधिकारी कुमार निशांत सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा समर्थक हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य क्षय में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मूलय रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं सैधैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को प्रत्येक कार्यवाही एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पहिए ... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU